कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 28.11.2023

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में
आंतरिक मूल्यांकन परीक्षाएँ प्रारंभ

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वार्षिक आंतरिक मूल्यांकन परीक्षाएँ प्रारंभ हुई।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने बताया कि स्नातक स्तर की कक्षाओं बी.ए., बी.कॉम., बी.एससी. एवं बी.एससी. (गृहविज्ञान) भाग-1, भाग-2 एवं भाग-3 की आंतरिक मूल्यांकन परीक्षाएँ प्रारंभ हुई। इन सभी कक्षाओं में असाइनमेन्ट, मासिक टेस्ट, ऑनलाईन टेस्ट के जरिए भी मूल्यांकन किया जाता है। आंतरिक मूल्यांकन के 10 प्रतिशत अंक वार्षिक परीक्षा में जोड़े जाते है जिससे यह परीक्षा विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण तथा तैयारी के आकलन का अवसर प्रदान करती है।

आज प्रथम दिवस बी.कॉम. भाग-1 एवं बी.एससी. भाग-1 की परीक्षाएँ हुई। बी.कॉम. भाग-1 में 348 छात्राएँ तथा बी.एससी. भाग-1 में लगभग शतप्रतिशत छात्रायें उपस्थित रहीं। ये परीक्षाएँ 16 दिसम्बर तक चलेगी। वाणिज्य संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल जैन ने बताया कि वाणिज्य संकाय की प्रतिदिन प्रातः 09.00 से 11.00 बजे तक ये परीक्षाएँ आयोजित की जा रही। छात्राओं की लगभग शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की गयी है। विज्ञान संकाय प्रभारी डॉ. सुनिता गुप्ता एवं कला संकाय प्रभारी डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा की तथा छात्राओं को अनिवार्यतः इससे शामिल होने का कहा है। विज्ञान संकाय की परीक्षाएँ की 28 नवंबर से तथा कला संकाय की 07 दिसंबर से प्रारंभ होगी।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

गर्ल्स कॉलेज में
आंतरिक मूल्यांकन परीक्षाएँ प्रारंभ